# झारखण्ड सरकार

## झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.

विज्ञापन संख्या : 21 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची / दिनांकः 24 / 06 / 2013

**जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2013 (G.N.M.E.C.E. – 2013) संबंधी सूचना**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची के पत्रांक 161 (10), दिनांक 18.06.2013 के आलोक में झारखण्ड के सरकारी चिकित्सा संस्थानों यथा रिम्स, राँची अन्तर्गत स्कूल ऑफ नर्सिंग, राँची, पी0एम0सी0एच0, धनबाद अन्तर्गत नर्सिंग स्कूल, सदर अस्पताल, धनबाद एवं महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमशेदपुर में जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी पाठ्यक्रम (G.N.M. Course) के सत्र 2013–14 में प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदकों से, जो भारत के नागरिक हैं एवं झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग का पत्रांक 5 / विविध–9 / 2001 डोमिसाईल का0 2691 / राँची, दिनांक 29.04.02) तथा निम्न अनुसार योग्यता की अहर्त्ता पूरी करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक योग्यता | इन्टरमीडिएट / 10+2, 40% अंको के साथ, उत्तीर्ण<br>**या**<br>भारतीय नर्सिंग परिषद् या सी0बी0एस0ई0 से मान्यताप्राप्त विधालय से 10+2 व्यावसायिक ANM पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण<br>**या**<br>Registered as ANM with State Nursing Registration Council. |
| 2. | आयु सीमा | नामांकन के समय न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। |
| 3. | सीटों की संख्या | रिम्स, राँची अन्तर्गत स्कूल ऑफ नर्सिंग, राँची – 50<br>पी0एम0सी0एच0, धनबाद अन्तर्गत नर्सिंग स्कूल, सदर अस्पताल, धनबाद – 40<br>महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमशेदपुर – 30 |
| 4. | आरक्षण | राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण के नियम लागू होंगे। |
| 5. | पाठ्यक्रम की अवधि | 3 वर्ष एवं 6 माह, जिसमें 6 माह की इर्न्टनशिप भी शामिल है। |
| 6. | आवेदन पत्र की उपलब्धता | आवेदक http://www.jceceboard.org पर Entrance Notice कॉलम में उपलब्ध आवदेन पत्र डाउनलोड कर ही आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन पत्र के उक्त प्रारूप से भिन्न कोई भी अन्य प्रारूप स्वीकार्य नहीं होगा।** आवेदन पत्र काले स्याही से स्पष्ट रूप में भरें। |
| 7. | फोटोग्राफ | आवेदन पत्र में निर्धारित जगह एवं दी गई घेरे के अन्दर ही हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें नाम एवं तिथि दर्ज हो, चिपकायें तथा चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। फोटोग्राफ संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए, अन्यथा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा। |
| 8. | परीक्षा शुल्क | सामान्य / पिछड़ी जाति – I / पिछड़ी जाति – II कोटि के अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ को ₹ 450 / – एवं अनुसूचित जाति / जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 275 / – परीक्षा शुल्क जमा करना होगा, जो Non-refundable होगा। |
| 9. | परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीका | (क) बैंक चालान (Challan):– चालान (Challan) की प्रति पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org पर Entrance Notice कॉलम में उपलब्ध है। चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में या अन्य किसी बैंक से यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा किया जा सकेगा। खाता सं0 एवं अन्य जानकारी चालान में उपलब्ध है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **या**<br>(ख) भारतीय पोस्टल ऑर्डर :– वांछित राशि का भारतीय पोस्टल ऑर्डर "Controller of Examination, J.C.E.C.E. Board" के नाम से देय तथा Doranda में भुगतेय होना चाहिए। ***बैंक ड्राफ्ट के पिछले भाग तथा भारतीय पोस्टल ऑर्डर के निचले भाग में अपना नाम एवं पता अवश्य दर्ज करें।*** |
| 10. | आवदेन पत्र भेजने का पता | भरे हुए आवेदन पत्र को निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से "Controller of Examination, Jharkhand Combined Entrance Competitive Examination Board, Science & Technology Campus, Sirkha Toli, Namkum-Tupudana Road, Namkum, Ranchi – 834023" के पते पर प्रेषित करना है। प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के उपर मोटे अक्षर में "G.N.M. Entrance Competitive Examination - 2013" अवश्य लिखें। **आवेदन पत्र के साथ वांछित परीक्षा शुल्क का डिमान्ड ड्राफ्ट या भारतीय पोस्टल ऑर्डर संलग्न करना अनिवार्य है।** |
| 11. | आवदेन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्र प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 17.07.2013** के अपराह्न 05.00 बजे तक है। किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र हाथों–हाथ स्वीकार नहीं किये जायेंगे। |
| 12. | परीक्षा केन्द्र एवं तिथि | यह परीक्षा राँची के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के तिथि की सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जाएगी। |
| 13. | परीक्षा का स्तर | प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार एवं 100 अंकों की होगी। अंग्रेजी इण्टरमीडिएट स्तरीय 25 अंकों की तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान मैट्रिक स्तरीय, प्रत्येक 25 अंकों की होगी। सभी विषयों (अंग्रेजी को छोड़कर) के प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे। |
| 14. | मेधा सूची | मेधा सूची का निर्माण विभिन्न विषयों में प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। यह भी स्थिति समान होने पर उनके नाम के प्रथम अंग्रेजी अक्षरों के वर्णात्मक क्रम के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी। |

**अन्य आवश्यक सूचनाएँ** –

- परीक्षा एवं साक्षात्कार संबंधी अद्यतन सूचनाओं हेतु http://www.jceceboard.org के सम्पर्क में रहें।
- प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**एल0 खियांग्ते,** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : 410 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड/दिनांक : 24/06/2013

प्रतिलिपिः–

1. **विज्ञापन प्रबंधक,** हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/प्रभात खबर, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक 25/06/2013 के दैनिक समचार पत्र में डी0ए0भी0पी0 दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करणों में दी जाय।
2. **लेखा शाखा,** झा0सं0प्र0प्र0प0पर्षद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/6/13

**परीक्षा नियंत्रक**